# सांसद ने वर्मा के खिलाफ केंद्रीय मंत्री से की शिकायत

## केंद्रीय मंत्री ने दिया आश्वासन : तथ्यों की जांच के बाद दोषी बख्शा नहीं जाएगा

**भोपाल, 02 दिसंबर. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह से मुलाकात कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा दिए विवादित बयान को लेकर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की.**



सांसद आलोक शर्मा ने केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह को सौंपे ज्ञापन में कहा कि आईएएस संतोष वर्मा ने सार्वजनिक मंच से जाति-विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिससे समाज में रोष व्याप्त है. उनके कथन से भारतीय संविधान की मूल भावना, सामाजिक न्याय, समानता और गरिमा के सिद्धांतों का उल्लंघन हुआ है. उन्होंने कहा कि ऐसी टिप्पणी समुदाय विशेष के सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा पर प्रत्यक्ष आघात पहुंचाती है. सांसद शर्मा ने कहा कि संतोष वर्मा ने दिए बयान में कहा था कि जब तक एक व्यक्ति अपने बेटे को किसी विशेष समुदाय की बेटी से संबंध या दान नहीं देता, तब तक आरक्षण छोड़ने का कोई विचार नहीं होगा. केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मामले की गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि सभी तथ्यों की जांच की जा रही है और दोषी को बख्शा नहीं जाएगा.

### मुख्यमंत्री से मिला संयुक्त प्रतिनिधिमंडल

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आश्वासन दिया है. मंगलवार को वर्मा के खिलाफ कांग्रेस बीजेपी कर्मचारी संघ ब्राह्मण समाज के संयुक्त प्रतिनिमंडल ने विधानसभा में मुख्यमंत्री से भेंटकर तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा. सवर्ण अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आईएएस संतोष वर्मा ने 23 नवंबर को अंबेडकर मैदान में ब्राह्मण समाज की बेटियों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी. इसके विरोध में कर्मचारी मोर्चा एवं ब्राह्मण समाज निरंतर उग्र आंदोलन कर रहा था. मंगलवार को मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को विधानसभा में मिलने के लिए समय दिया.




# आरजीपीवी आर्थिक अनियमितता मामले में कार्यपरिषद को घेरा

### बैठक में सीबीआई जांच का प्रस्ताव पारित

**भोपाल, 02 दिसंबर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने आज राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी ) में पिछले 10 वर्षों से चली आ रही आर्थिक अनियमितताओं, वित्तीय अपारदर्शिता एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कार्यकारी परिषद के समक्ष एक विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया.**

इस ज्ञापन में अभाविप ने विश्वविद्यालय की वित्तीय गतिविधियों की केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई से निष्पक्ष एवं स्वतंत्र एवं जांच करवाने की मांग रखी.

ज्ञापन प्रस्तुत किए जाने के उपरांत, कार्यकारी परिषद की बैठक में इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की गई. चर्चा के बाद कार्य परिषद ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया कि राज्य सरकार द्वारा राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विगत 10 वर्षों की आर्थिक अनियमितताओं की जांच सीबीआई द्वारा कराई जाए. निर्णय होने तक परिषद कार्यकर्ताओं ने अपना प्रदर्शन जारी रखा.

### महानगर मंत्री ने किया निर्णय का स्वागत

अभाविप की महानगर मंत्री कु. आरती ठाकुर ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि आरजीपीवी की पारदर्शिता, सुशासन और जनविश्वास को पुर्न स्थापित करने के लिए यह कदम अत्यंत आवश्यक है. विश्वविद्यालय में वर्षों से उठ रहे प्रश्नों का अब स्पष्ट समाधान संभव होने की आशा है. अभाविप ने यह भी कहा राज्य सरकार तत्काल इस पर संज्ञान ले और सीबीआई को संपूर्ण जांच की जिम्मेदारी दे.

## एक नजर में

### नाबालिग को पुलिस ने इंदौर से किया तलाश

**भोपाल.** कोहेफिजा थाना पुलिस ने नाबालिक लड़की को इंदौर से सन्देही के साथ तलाश कर परिजनों को सौंप दिया. सन्देही अमित रजक पिछले दिनों से नाबालिक को लेकर किराये के कमरे में रह रहा था. थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 26 अक्टूबर लड़की की बहन ने अपनी 16 साल की घर से बिना बताए कहीं जाने की सूचना पुलिस को दी थी. पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी अमित रजक की खोज शुरू की. आरोपी की लोकेशन मिलने पर पुलिस ने उसे इंदौर पहुंच कर गिरफ्तार किया. नाबालिग को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है.

### हत्या का प्रयास के प्रकरण में फरार आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** मंगलवारा थाना पुलिस ने लम्बे समय से हत्या का प्रयास के प्रकरण में फरार शातिर इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया. पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त छुरी भी बरामद की है. मिली जानकारी के मुताबिक बीते 6 मई को फरियादी सेफ निवासी छावनी रोड ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई कर रही थी. सोमवार को पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी मो. अरबाज उर्फ चिराटा के इलाके में छुपा है. पुलिस ने निशानदेही के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पूछताछ की. आरोपी ने 6 मई की घटना की बात स्वीकार की.

# नगर निगम के कर्मचारियों पर जानलेवा हमला

## फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस



नवभारत रिपोर्ट

**भोपाल, 02 दिसंबर. श्यामला हिल्स थाना पुलिस ने नगर निगम के कर्मचारियों पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है. मंगलवार को आरोपी ने कर्मचारियों के काम का विरोध करते हुए छुरी से हमला किया. मामले की शिकायत थाने में होने पर आरोपी फरार चल रहा है. उसकी तलाश में पुलिस की टीमें जुटी है.**

मिली जानकारी के मुताबिक एमएलबी कॉलेज के पास निगम अमला नियमित तौत पर कार्रवाई कर रहा था. सड़क के किनारे हेलमेट बेंचने वाले आरोपी ने इसका विरोध करना शुरू किया. कर्मचारियों ने उसे दुकान दूसरी जगह लगाने की बात कही. इस बात से आरोपी नाराज हो गया और दो कर्मचारियों पर छुरी से हमला कर दिया. हमले से कर्मचारियों के हाथ और मुंह पर घाव हो गए. घायलों का इलाज हमीदिया अस्पताल में किया जा रहाहै. मामले की शिकायत तुरंत ही थाने में की गई. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा है. आरोपी की तलाश की जा रही है.

### अड़ीबाज फरार आरोपी गिरफ्तार

भोपाल. ऐशबाग थाना पुलिस ने अडीबाजी के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई आरोपी पर की है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 4 सितंबर को 52 वर्षीय फरियादी महिला ने शिकायत दर्ज कराई. महिला ने बताया कि वह उस दिन दोपहर के समय अपने घर के सामने खड़ी थी कि तभी वहां पर आरोपी नीरज मिश्रा आया अडीबाजी करते हुए शराब पीने के पैसे मांगे. पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने गाली गलौच की. आरोपी ने महिला को धमकाया कि शराब पीने के लिये पैसे नहीं दिये तो तुम्हारे घर के दरवाजे खिड़कियों के कांच तोड दूंगा.

### मिसरोद थाने में प्रभारी की नियुक्ति

**भोपाल.** अवधपुरी थाना प्रभारी को अब मिसरोद थाने का प्रभारी नियुक्त किया गया है. मंगलवार को देर शाम कार्यालय पुलिस उपायुक्त नगरीय पुलिस भोपाल ने चार अधिकारियों के पदस्थापना के आदेश जारी किए है. जारी आदेशानुसार थाना प्रभारी अवधपुरी कार्य. निरी रतन सिंह परिहार की पदस्थापना अब मिसरोद थाने में की गई है. रक्षित केन्द्र कार्य. निरी सुरेश मीणा को अब अवधपुरी थाना प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है. रक्षित केन्द्र में सेवारत निरी. रूपेश दुबे को थाना अपराध शाखा और निरी कृष्णदेव सिंह कुशवाह को थाना यातायात की जिम्मेदारी मिली है.

# कुशीनगर एक्सप्रेस में अवैध ब्रांड का पानी किया जब्त

**84 पानी की बोतलें मिलीं**

**भोपाल, 02 दिसंबर. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में वाणिज्य विभाग द्वारा ट्रेनों में खानपान व्यवस्था की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु नियमित औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं.**

इसी क्रम में आज गाड़ी संख्या 22538 लोकमान्य तिलक-गोरखपुर कुशीनगर एक्सप्रेस के पेंट्रीकार का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान थर्ड एसी कोच संख्या बी-1 में अवैध ब्रांड की 84 पानी की बोतलें पाई गईं, जो रेलवे द्वारा अप्रूव्ड नहीं थीं. खानपान निरीक्षक मेघा नागदेवे, मंडल वाणिज्य निरीक्षक विनोद वर्मा तथा स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) एके खरे ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सभी बोतलों को तुरंत जब्त किया. सीनियर डीसीएम कटारिया ने बताया कि कार्रवाई का उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छ, स्वीकृत एवं मानक पेयजल उपलब्ध कराना और रेल परिसर में अनधिकृत बिक्री पर रोक लगाना है.


### नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को

**भोपाल.** म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 13 दिसंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें.

# प्रश्न-पत्र एक दिन पहले विमर्श पोर्टल पर होंगे उपलब्ध

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 2 दिसंबर. प्रदेश में कक्षा 10 वीं और 12 वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं पांच जनवरी से शुरू होने जा रही हैं. स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बार परीक्षा व्यवस्था को और सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई नए निर्देश जारी किए है, जिसमें प्री-बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्नपत्र राज्य स्तर पर तैयार कर परीक्षा से एक दिन पहले विमर्श पोर्टल पर प्राचार्य के लॉगिन में उपलब्ध कराए जाएंगे.**




इस प्रश्न-पत्र डाउनलोड करने के लिए ओटीपी व्यवस्था लागू की गई है, जो प्राचार्य के मोबाइल पर भेजा जाएगा. इसके बाद ही निर्धारित संख्या के अनुसार प्रश्नपत्रों की फोटोकॉपी कर परीक्षा के लिए तैयार किया जाएगा. इस साल प्री-बोर्ड परीक्षाओं में रोजाना परीक्षा समाप्त होने के बाद विद्यार्थियों को अगले दिन वाले विषय की तैयारी कराई जाएगी. विभाग का मानना है कि इससे बच्चे बोर्ड पैटर्न के अनुसार निरंतर अभ्यास कर पाएंगे. प्री-बोर्ड के प्रश्नपत्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की अंक योजना और परीक्षा पैटर्न पर आधारित रखे गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को बोर्ड जैसी स्थिति का अनुभव मिलेगा.

स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित समय सीमा में संपूर्ण पाठ्यक्रम पूरा कर लें, क्योंकि कई विद्यालय अभी भी 60 प्रतिशत पाठ्यक्रम ही पूरा कर पाए हैं. परीक्षा परिणाम जनवरी के तीसरे सप्ताह में घोषित किए जाएंगे और विद्यार्थियों को उनकी कॉपियां भी दिखाई जाएंगी, जिससे उन्हें अपनी गलतियां समझने में मदद मिलेगी. इसके बाद मॉडल पेपर और अतिरिक्त प्रश्न-पत्र सेट से अभ्यास कराया जाएगा. कक्षा 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं पांच से तेरह जनवरी और 10वीं की छह से तेरह जनवरी तक आयोजित होंगी.

# पेड़ से कार टकराने पर युवक की मौत

## हादसे में घायलों का इलाज जारी

नवभारत रिपोर्ट

**भोपाल, 02 दिसंबर. कमला नगर थाना इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई. हादसे में घायले हुए तीन लोगों का इलाज जारी है. पेड़ से टकराई कार पूरी तरह से दुर्घटनाग्रस्त हो गई है.**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हादसे के दौरान कार की रफ्तार तेज थी. कार को सही समय पर कंट्रोल नहीं किया जा सका और कार एक पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में कार ड्राइव करने वाले युवक देवपायन मुद्गल की जान चली गई. मृतक के तीन दोस्त भी हादसे के दौरान सवार थे. सभी को चोटें आई है और अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उन सभी का इलाज जारी है.

जानकारी सामने आई है कि कार सवार सभी युवक सोमवार को देर रात नेहरू नगर से अशोका गार्डेन के लिए लौट रहे थे. इस दौरान यह हादसा हो गया. मृतक बी.कॉम का छात्र था और अशोका गार्डेन में रहता था. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

### पत्थरबाजी करने वाले के खिलाफ केस दर्ज

**भोपाल.** कोहेफिजा पुलिस ने एक मैरिज गार्डन में चल रहे शादी के कार्यक्रम के दौरान पत्थरबाजी करने वाले आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है. इस घटना का वीडियो भी पुलिस के सामने आया है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को देर बारात में शामिल कुछ युवक मैरिज गार्डेन के पास की गुमटी में खरीदारी की थी. युवकों ने गुमटी संचालक को रूपए भी नहीं दिए और बहस की थी. इस घटना के बाद से गुमटी संचालक के कुछ लोग शादी कार्यक्रम में घुसते हुए पत्थरबाजी की घटना को अंजाम दिया.

# उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर बन रहा वरदान

**भोपाल, 02 दिसंबर. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है.**

स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटरिंग पहल के अंतर्गत, माह नवंबर 2025 के दौरान कुल 4,06,507 उपभोक्ताओं को उनके मासिक विद्युत बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान किया है, जिसकी कुल राशि 06 करोड़, 34 लाख रुपये है. स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनकी खपत के आधार पर ये छूट दी गई है. कंपनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए जिसमें घरेलू, गैर घरेलू, सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट और निम्नदाब उपभोक्ताओं के लिए सोलर ऑवर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड / अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही दी जा रही है.

# नहीं भर रही आयुष काउंसलिंग में सीटें

## पर्सेंटाइल न घटने से हजार से ज्यादा सीटें अब भी खाली

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 2 दिसंबर. प्रदेश में आयुष स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया लगातार सुर्खियों में है. संचालनालय आयुष द्वारा स्ट्रे वेकेंसी राउंड की अवधि दो दिन बढ़ाकर 30 नवंबर तक कर दी गई थी, जिससे अधिक से अधिक छात्र प्रवेश ले सकें.**

इसके बावजूद प्रदेश में आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी के बीएएमएस, बीएचएमएस और बीयूएमएस कोर्स की हजार से ज्यादा सीटें अब भी खाली रह गई हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि मुख्य समस्या पर्सेंटाइल में कमी न होना है, जिसके कारण नए अभ्यर्थियों को प्रवेश लेने का अवसर नहीं मिल पा रहा है. स्ट्रे वेकेंसी राउंड के पहले कुल 2007 सीटें खाली थीं. राउंड समाप्त होने के बाद भी लगभग 1050 सीटों पर प्रवेश नहीं हो सका. काउंसलिंग की अवधि बढ़ाने से ज्यादा फर्क नहीं पड़ा, क्योंकि जिन छात्रों का पंजीकरण था, वही प्रवेश ले सके. नए छात्रों को मौका नहीं मिला. प्रदेश में आयुर्वेद के 7 शासकीय व 32 निजी आयुर्वेद कॉलेज कॉलेज संचालित हैं.

### इनका कहना है

नीट पर्सेंटाइल में कम से कम दस प्रतिशत कमी की जाए और एक अतिरिक्त राउंड आयोजित किया जाए. पर्सेंटाइल में राहत से ऐसे कई छात्र लाभान्वित होंगे, जो मेरिट के ठीक नीचे रह गए और वर्तमान नियमों के कारण प्रवेश नहीं पा सके.

**- डॉ राकेश पांडेय, राष्ट्रीय प्रवक्ता, आयुष मेडिकल एसोसिएशन**

**सुविधा** | पुलिस कमिश्नर हरि नारायणचारि मिश्रा ने की घोषणा

# क्यूआर कोड से थानों का फीडबैक देगी जनता

नवभारत रिपोर्ट

**भोपाल, 02 दिसंबर. राजधानी में पुलिस व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और जनता के प्रति जवाबदेह बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया है.**



भोपाल पुलिस कमिश्नर हरि नारायणचारि मिश्रा ने घोषणा की है कि शहर के सभी थानों में अब विशेष क्यूआर कोड लगाए जाएंगे. यह पहल नागरिकों को सीधे पुलिस कमिश्नर कार्यालय तक अपनी शिकायतें और फीडबैक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम प्रदान करेगी, जिससे 'जनता बताएगी थानों की हकीकत' का सिद्धांत धरातल पर उतरेगा. पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारि मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि इस क्यूआर कोड का मुख्य उद्देश्य पुलिस थानों की कार्यप्रणाली पर नागरिकों की सीधी निगरानी स्थापित करना है. उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति अपनी समस्या या शिकायत लेकर थाने आएगा, वह थाने के अंदर लगे इस क्यूआर कोड को स्कैन करके अपनी शिकायत के निराकरण की स्थिति, पुलिसकर्मियों के व्यवहार और दी गई सेवा की गुणवत्ता पर अपना फीडबैक दे सकेगा.

### यातायात पुलिस की सफलता बनी आधार

कमिश्नर मिश्रा ने बताया कि यह पहल यूं ही शुरू नहीं की गई है, बल्कि इसे सफलता के ट्रैक रिकॉर्ड के बाद अपनाया गया है. उन्होंने याद दिलाया कि इससे पहले यातायात पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर इसी तरह के क्यूआर कोड लगाए गए थे. यातायात पुलिस की इस पहल को जनता का अभूतपूर्व सहयोग मिला था, जिसके चलते पुलिस की कार्यशैली में सुधार आया है।

### निगम ने गंदगी फैलाने वालों पर किया जुर्माना

**भोपाल.** नगर निगम द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाने के साथ ही स्वच्छता के निर्धारित मानकों का पालन न करने व गंदगी फैलाकर निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने, सड़कों एवं सार्वजनिक एवं खुले स्थानों पर भवन निर्माण सामग्री एवं सी.एण्ड.डी वेस्ट फैलाकर वायु को प्रदूषित करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के अमले ने समस्त जोन क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए सड़कों, व सार्वजनिक स्थलों फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 150 प्रकरणों के तहत 37 हजार 750 रुपये तथा सी.एंड.डी वेस्ट फेंकने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की.

# खुद को बचाने पुलिस को किया गुमराह

**06 घंटे में सुलझाया अंधे कत्ल का मामला**

नवभारत रिपोर्ट

**भोपाल, 02 दिसंबर. कोलार पुलिस ने एक अंधे कत्ल का मामले को महज 6 घंटे के भीतर सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी ने खुद को बचाने के लिए डायल-112 पर एक्सीडेंट की फर्जी सूचना पुलिस दी, लेकिन पुलिस की सूझबूझ और तकनीकी जाँच ने हत्या का राज खोल दिया.**

डीसीपी जोन 4 मयूर खण्डेलवाल ने बताया कि सोमवार को देर रात डायल-112 पर सूचना मिली कि सर्वधर्म कॉलोनी, अंग्रेजी शराब दुकान के पास एक व्यक्ति का किसी अज्ञात वाहन ने एक्सीडेंट कर दिया है और शव मौके पर पड़ा है. मौके पर पुहंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू की. घटनास्थल के निरीक्षण और शव पंचनामा के दौरान पुलिस को यह घटना संदिग्ध लगी. मौके पर एक्सीडेंट का कोई साक्ष्य नहीं मिला, जबकि मृतक के सिर पर चोटों के निशान थे, जिससे हत्या की आशंका हुई. एफएसएल टीम ने भी जाँच में पाया कि मृतक की मृत्यु एक्सीडेंट से नहीं, बल्कि हत्या से हुई है. डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने तत्काल मुखबिर तंत्र और सोशल मीडिया की मदद से मृतक की पहचान कन्हैया सिंह लोधी (48) निवासी गांधी नगर के रूप में की है.

### पुलिस को लगातार किया झगुमराह

जांच के दौरान, डायल-112 को फोन करने वाले व्यक्ति को टावर लोकेशन के आधार पर हिरासत में लिया गया. उसने अपना नाम नीतेश विश्वकर्मा उर्फ नन्ना (25) निवासी दाखेडा कोलार बताया. डीसीपी ने बताया कि शुरुआत में नीतेश पुलिस को लगातार गुमराह करता रहा और एक्सीडेंट की फर्जी कहानी दोहराता रहा. हालांकि, घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी अनुसंधान और पुलिस की बारीक पूंछताछ के सामने आरोपी ने आखिरकार अपना जुर्म कबूल कर लिया.